Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# मंदिर शिलान्यास पर धर्मनगरी में दीपोत्सव की तैयारियां

**खुशी का माहौल**

## राममंदिर आंदोलन का केंद्र रहा है हरिद्वार

**संवाददाता**

हरिद्वार। अयोध्या में बहुप्रतिक्षित राममंदिर के शिलान्यास के मौके पर हरिद्वार में भी रामभक्तों में खुशी का माहौल है। इसको लेकर हरिद्वार में आज राममंदिर शिलान्यास को दीपोत्सव की तरह मनाने की तैयारियां की गई हैं। विभिन्न संगठन और धर्मप्रेमी इस अवसर पर अपनी खुशी के इजहार के लिए सार्वजनिक स्थानों सहित घर–द्वार पर दीप जलाने की तैयारियों में जुटे हैं। हरिद्वार का रामजन्मभूमि निर्माण आंदोलन में अहम रोल रहा है। पिछले तीस से भी अधिक सालों में रामजन्मभूमि निर्माण से जुड़े कई अहम फैसले हरिद्वार में हुई विश्व हिंदू परिषद व संत समिति की बैठकों में लिये जाते रहे हैं। इसको लेकर विहिप के केंद्रीय मार्ग दर्शक मंडल की कई बैठकें उत्तरी हरिद्वार में सम्पन्न हुई हैं। संतों ने भी विभिन्न धर्म संसदों का आयोजन कर इसी धर्मनगरी में विचार मंथन कर मंदिर निर्माण आंदोलन को गति देने के अनेक निर्णय लिए। राममंदिर निर्माण को लेकर हरिद्वार में हुए अनेक फैसलों में 1992 में अयोध्या में कारसेवा करने का भी निर्णय शामिल है। जिसके बाद पूरे देश में इस आंदोलन ने जोर पकड़ा। 1989 से हरिद्वार में आरंभ हुई मंदिर निर्माण गतिविधियों के दौरान हरिद्वार विहिप के खांटी नेताओं प्रवीण तोगड़िया, अशोक सिंघल, चंपत राय, आचार्य गिरिराज किशोर, महंत नृत्य गोपालदास, आचार्य धर्मेंद्र आदि का गढ़ बना रहा। अब मंदिर निर्माण प्रक्रिया आरंभ होने पर हरिद्वार में भी हर्ष का माहौल है और इस अवसर को यहां दीपोत्सव के रुप में मनाने की तैयारी है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गिरी ने सभी से इस अवसर को दीपोत्सव के रुप में मनाने का आह्वान किया है। नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा है कि हरिद्वार की राममंदिर आंदोलन में विशेष भूमिका रही है। हरकीपैड़ी की प्रबंधकारिणी गंगासभा ने भी आज हरकीपैड़ी को दीपों से जगमग रखने की तैयारी की है। पंजाबी युवा समाज आज सभी चौक, चौराहों को शाम के वक्त दीपों से जगमगाएगा। हरिद्वार रामलीला कमेटी द्वारा आज भगवान श्री राम की रामलीला भवन में विशेष पूजा की तैयारियां हैं।

विश्वनाथ धाम भूपतवाला व प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में भी आज विशेष धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं। पंजाबी समाज, ब्राह्मण समाज सहित अनेक संगठन आज हरिद्वार में दीपोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं। नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि हरिद्वार की राममंदिर निर्माण में विशेष भूमिका रही है। सभी रामभक्तों का पुरुषार्थ आज सार्थक हो रहा है। सभी धर्मप्रेमियों को इस अवसर पर दीप जला कर अपनी खुशी का इजहार करना चाहिए।

### आज घरों में दीए जलाने का आह्वान

देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई, प्रदेश संगठन मंत्री व गढ़वाल प्रभारी जीएस आनंद, जिला प्रभारी बलदेव जयसवाल, जिला अध्यक्ष अमरजीत कुकरेजा, महानगर अध्यक्ष गुरुपाल सिंह उत्तराखंड के सभी निवासियों को अपील की है कि आओ हम सब मिलकर 5 अगस्त बुधवार को सायं 8 बजे ऐतिहासिक और सुनहरा राम जन्म भूमि के शिलान्यास के दिन अपने–अपने घरों में दीए और मोमबत्ती जलाकर इस पर्व को मनाये। यहां जारी एक बयान में गढ़वाल प्रभारी जी एस आनंद ने बताया कि हमारे लिए यह एक महत्त्वपूर्ण दिन है कि हम श्रीराम के जन्म स्थल की खुशी को मनाते हुए इस पर्व को दीवाली के रूप में रोशनी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने घरों में दीप माला के द्वारा एक ऐतिहासिक दिन मनाये। उन्होंने सभी से अपील आओ मिलकर इस पर्व पर खुशियां मनाये और दीप माला करें। इस अवसर पर सहयोग के लिए अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## न्यूज डायरी

### संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में जीवन जोशी प्रथम

**संवाददाता** हरिद्वार। ऋषि संस्कृत महविद्यालय खड़खड़ी हरिद्वार के सरस्वती भवन में संस्कृत सप्ताह के पांचवे दिन आज संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण का शीर्षक था भारतीय संस्कृते रेक्षा समस्कृ तेनैव सम्भवा। इस विषय पर विभिन्न छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिनमें जीवन जोशी प्रथम, जगदीश द्वितीय एवं अखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के निर्माण विभाग के प्रभारी राजेंद्र भण्डारी तथा निर्धन निकेतन आश्रम के मीडिया प्रभारी सचदेवा ने छात्रें द्वारा संस्कृत में भाषण देने पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रें को साधुवाद दिया। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं साहित्य अध्यापक डॉ. तारादत अवस्थी ने अभ्यागतों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जड़ी–बूटी दिवस के रूप में मनाया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिवस

**संवाददाता** हरिद्वार। वनौषधि पण्डित उपाधि से सम्मानित आचार्य बालकृष्ण महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम 'जड़ी–बूटी दिवस' के रूप में वैदिक गुरुकुलम् के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ यजुर्वेद एवं सामवेद परायण यज्ञ की पूर्णाहूति के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 4 अगस्त को पूरे देश के 600 जिलों में, 5000 से अधिक तहसीलों व 1 लाख से अधिक गाँवों में आचार्य बालकृष्ण महाराज का जन्मदिवस 'जड़ी–बूटी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष इस दिन पतंजलि के विविधा संगठनों व इकाइयों के माध्यम से देश के लगभग प्रत्येक जिले में 5,000 से 10,000 औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर जड़ी–बूटी सप्ताह मनाया जाता है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कौम्पैक्ट एसयूवी वर्ग में कदम रखा

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज पूरी तरह नई, अपनी टोयोटा अर्बन क्रूजर के संग कौम्पैक्ट एसयूवी वर्ग में अपने बहु–प्रतीक्षित प्रवेश की घोषणा की। भारत में यह टोयोटा की ओर से एक अनूठी पेशकश है और नए अर्बन क्रूजर में एक शहरी विशेषता है जो उसे औरों से अलग बनाता है और उन लोगों के लिए है जो स्टाइल में यात्रा करना चाहते हैं। अर्बन क्रूजर उन कद्रदान ग्राहकों को पसंद आएगी जो कौम्पैक्ट एसयूवी से ज्यादा चाहते हैं। कंपनी भारत की अपनी श्रृंखला में कौम्पैक्ट एसयूवी की पेशकश इस बार के त्यौहारी मौसम में करेगी ताकि भारत में कौम्पैक्ट एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति की जा सके। टोयोटा अर्बन क्रूजर ऐसी ही एक और कोशिश है ताकि ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।

## अभाब्रा एकता परिषद ने किया नरेंद्र सिंह भंडारी का सम्मान

**संवाददाता** हरिद्वार। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तराखण्ड के पदाधिकारियों द्वारा नगर आयुक्त आईएएस नरेंद्र सिंह भंडारी का नैनीताल सीडीओ पद पर स्थानान्तरण होने पर उनके हरिद्वार नगर निगम स्थित आवास पर प्रशस्ति पत्र, रूद्राक्ष माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पं. मनोज गौतम ने कहा कि श्री भण्डारी ने हरिद्वार के आयुक्त पद पर रहते हुए बड़ी ईमानदारी से कार्य किया है। परिषद के प्रदेश संयोजक ने कहा कि आज के समय में बहुत कम अधिकारी होते हैं जो अपने दायित्व का निर्वाह ईमानदारी पूर्वक करते हैं। परिषद के संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने श्री भण्डारी को नैनीताल का मुख्य विकास अधिकारी बनने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्ठा से कार्य करने वाले अधिकारी की हर जगह आवश्यकता होती है और वह जहां भी कार्य करता है। वहां जनता में अपनी छाप छोड़ जाता है, उनके द्वारा हरिद्वार में किये गये कार्यों की सराहना की। इस मौके पर परिषद के जिला महामंत्री पं. विकास शर्मा, पं. युगुल किशोर पाठक, पं. सिद्धार्थ कौशिक, दीपेश गर्ग उपस्थित थे।



# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची चिकित्सकों की टीम

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

### पांच दिन गंभीर घायल महिला को मिला इलाज

पिथौरागढ। बीते 28 जुलाई की रात्रि की तेज बारिश ने सीमांत धारचूला तहसील के लुम्ती व मौरी गांव में बरसी आसमानी आफत के चलते छह पुलिया व डेढ सौ मीटर सड़क मार्ग के बहने से सीमांत के आपदा प्रभावित गांव अलग–थलग पड़ गये। वही बता दें कि क्षेत्र के इन गांवों में हेलीकाप्टर के न उतर पाने के कारण इलाज के लिए पहुंची चिकित्सकों की टीम को जान हथेली पर रखकर पांच किमी से भी ज्यादा पैदल चलने को मजबूर होना पड़ा ।

जानकारी के मुताबिक सबसे पहले चिकित्सकों की टीम ने 8 जुलाई की रात से पीड़ित महिला का उपचार करने के साथ ही वहां मौजूद अन्य ग्रमीणों के स्वास्थ का परीक्षण किया। गांव में हेलीकाप्टर के न पहुंच पाने से पीड़ित बीमार महिला को इधर उधर इलाज के लिए ले जा पाना संभव न हो सका।

समाचार मिले है हक कालिका खुम्ती मार्ग को जोडने वाली डेढ सौ सडक नदी में समा चुकी है। वही क्षेत्र के तमाम ग्रमीण घरों में ही कैद रहने को मजबूर हो चुके थे। वह काफी लंबो जददोजहद के उपरान्त गांव में कई किमी पैदल चलकर चिकित्सा टीम को आनर पडा । बता दें कि कालिका



से खुमती तक पैदल चलने में चिकित्सकों की टीम को जान हथेली पर रखकर गांवों में आना पडा। वही कई दिनों से बीमार पडी महिला आनी देवी पत्नी हरी सिंह का उपचार किया गया ।

गांव पहुची चिकित्सकों की टीम में धारचूला सीएचसी के प्रभारी डा एम के जायसवाल डा. अमीर आलम डा. गोतेन्द्र डा नवनिहाल सिह गजेन्द्र भोगिया और राम सिह कठायत द्वारा ग्रमीणों का स्वास्थ परीक्षण दवाइयां भी दी।

## रेलवे परियोजना रूड़की–देवबंद के सम्बन्ध में बैठक

**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी रविशंकर ने कैम्प कार्यालय रोशनाबाद में रेलवे परियोजना रूड़की–देवबंद के सम्बन्ध में किसानों और रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में किसान संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि रेलवे परियोजना रूड़की–देवबंद हेतु 2011 में बहस्तीपुर, पनियाला, रहीमपुर व शाहलापुर चार गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। किसानों डीएम को बताया कि अधिग्रहण के समय जिस किसान की जमीन रेलवे के लिए अधिग्रहण की गयी, उस परिवार के एक सदस्य को रेल विभाग की ओर से रेलवे में नौकरी दिये जाने की बात तत्समय कही गयी थी। किन्तु रेलवे अब वर्तमान में इस प्रकार के किसी भी नियम के लागू होने की बात कह रहा है। रेलवे अधिकारियों की ओर से बताया गया कि भूमि अधिग्रहण एक्ट के अनुसार नौकरी दिये जाने का प्राविधान वर्तमान में प्रभावी नहीं है। रेलवे अधिकारियों ने नौकरी देने में विभाग की ओर से पूर्ण असमर्थता जतायी।